# परेशानी : हादसों के बाद लंबे समय तक हाइवे की सड़क पर पड़े रहते हैं वाहन

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 14 अप्रैल. बैतूल-इटारसी फोरलेन के बरेठा घाट सेक्शन सहित 21 किमी में फोरलेन निर्माण होना शेष है। ऐसे में फोरलेन पर मिलने वाली सुविधाएं भी इस जगह उपलब्ध नहीं हो रही है।**

**बचे हुए 21 किमी के हिस्से में नहीं मिल रही सुविधा**

**वाहन चालकों को करना पड़ता है जाम का सामना**

खासकर वाहनों के पलटने या दुर्घटना के बाद ट्रैफिक व्यवस्था बनाने और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड? से हटवाने के लिए इंसिडेंट मैनेजमेंट टीम नहीं है। क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन जैसी कोई व्यवस्था यहां नहीं मिल रही है। यदि फोरलेन के 21 किमी निर्माण से बचे, इस हिस्से में कोई वाहन पलटता है या दुर्घटनाग्रस्त होता है तो वाहन यथावत पड़े रहते है या संबंधित थाना या विभाग द्वारा वाहनों को हटाया जाता है। कई बार बड़े-बड़े ट्रक पलटने के बाद 12 से 24 घंटे तक सडक पर ही पड़े रहते है। जिससे आने-जाने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऊपर से बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है, वह अलग है। बताया जा रहा है कि इस हिस्से में फोरलेन का काम नहीं होने के कारण यहां पर इंसिडेंट मैनेजमेंट की क्रेन, एंबुलेंस और पेट्रोलिंग वाहन तैनात नहीं रहता है, जबकि 21 किमी के रास्ते में हादसे और वाहनों के पलटने जैसी दुर्घटनाएं अक्सर सामने आती है। घायलों को भी इस सुनसान जंगल क्षेत्र में मदद मिलने में परेशानी होती है।



**जाम के कारण घोड़ाडोंगरी होते हुए बैतूल पहुंचते है वाहन:** कई बार सडक पर वाहनों के पलटने की घटना के बाद लंबा जाम भी लग जाता है। जिसकी वजह से कई बार वाहन चालक बरेठा से घोड़ाडोंगरी होते हुए बैतूल पहुंचते है और यहां से फिर हाइवे पकड़ते है। जिससे उन्हें लंबा फेरा भी लगाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि फोरलेन पर इटारसी-बैतूल के बीच जो यह 21 किमी का काम शेष बचा है, इस मार्ग पर ही सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर वाहन पलटने या दुर्घटनाग्रस्त होने पर तत्काल राहत नहीं मिल पाती है। यदि यह हिस्सा भी फोरलेन में शामिल हो जायेगा तो वाहन चालकों को फोरलेन पर मिलने वाली सभी सुविधाएं प्राप्त होगी। खासकर वाहन पलटने पर क्रेन या दुर्घटना होने पर तत्काल एंबुलेंस की सुविधा मिलने लगेगी।

**नागपुर-भोपाल हाइवे पर बरेठा 21 किमी बचा शेष :** नागपुर-भोपाल जैसी दो बड़े महानगरों को जोडने् वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। इसके विपरीत बैतूल से इटारसी के बीच 21 किमी के क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट की रोक थी। नागपुर (महाराष्ट्र) के एक एनजीओ ने टाइगर कॉरिडोर और बाघ मूवमेंट होने के कारण इस 21 किमी में निर्माण कार्य नहीं किए जाने पर स्टे लेकर रखा है।

> बरेठा घाट सेक्शन में इंसिडेंट मैनेजमेंट की टीम नहीं है। इस कारण वाहनों को हटवाने की व्यवस्था फिलहाल यहां पर नहीं है। यहां इस 21 किलोमीटर में काम पूरा होने के बाद यहां टीम नियुक्त की जा सकेगी। वैसे भी बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम होने पर हम व्यवस्था बनाते हैं।
>
> **- मनीष मीणा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

### बरेठा घाट पर तीन साल में 78 दुर्घटनाएं

बरेठा घाट सेक्शन सडक सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील माना जाता है। यहां संकरी और घुमावदार दो-लेन सडक, ढलान और सीमित दृश्यता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि बरेठा घाट पर 2022 से 2024 के बीच 51 सडक दुर्घटनाएं हुई। वहीं 2025 में भी यहां 27 से अधिक दुर्घटनाएं हुई। अब तो यहां पर हर दिन 3 से 4 दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी वजह से इस हिस्से का उन्नयन बेहद जरूरी माना जा रहा है। एनएचएआई ने इस सेक्शन के लिए जो नया प्लान तैयार किया है, उसमें घुमावदार रास्तों को सुधारा जाएगा और ब्लैक स्पॉट्स का स्थायी समाधान किया जाएगा। सबसे खासबात यह है कि इस पूरे प्रोजेक्ट में वन्यजीव संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है।

### हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रुका है काम

इटारासी-बैतूल के माध्यम बरेठा घाट का लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। इसमें केसला रेंज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20 .91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मुवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को 1 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात स्थगित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न वैधानिक एवं पर्यावरणीय विशेष रूप से वन्यजीव संबंधों मंजूरियों की आवश्यकता थी। हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एनएचएआई ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरुप पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट के लिए वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केन्द्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरिया प्राप्त हो चुकी है। अब उच्च न्यायालय द्वारा स्टे के औपचारिक रूप से हटने के संबंध में आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। जैसे ही न्यायालय से इसे संबंध में निर्देश प्राप्त होंगे, एनएचएआई द्वारा शेष बचे सेक्शन में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## एक नजर में

### सामुदायिक भवन एवं वाटिका की रखी मांग

**बैतूल।** बैतूल सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा काफी अरसे से परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण एवं परशुराम वाटिका निर्माण की मांग की जा रही थी। इस मांग को समाज द्वारा मंगलवार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के समक्ष रखा। जिस पर श्री खंडेलवाल ने जिले के ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम सामुदायिक भवन के प्रथम चरण निर्माण एवं वाटिका निर्माण के लिए सनातन ब्राह्मण समाज को 20 लाख देने की घोषणा की है। इस अवसर पर सनातन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुभाष पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिश्र उपाध्यक्ष राजेश अवस्थी, अनिल दुबे, एस.पाटिल, श्रीमती साक्षी शर्मा, संगीता अवस्थी, आरती अवस्थी नीलम दुबे, मीनाक्षी शुक्ला, श्रीमती पाटिल आदि स्वजातीय बंधु मौजूद थे। समस्त ब्राह्मण समाज ने हेमंत खंडेलवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### चित्रकला में कविता प्रथम, निबंध में करीना प्रथम

**बैतूल।** खेल मंत्रालय भारत सरकार व मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम के द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती सीनियर बालक छात्रावास बैतूल परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, छात्रावास अधीक्षक नारायण सिंह नगदे, डॉ.महेश गुंजले, रोशन कनाठे के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा' के संकल्प को दोहराते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर श्रमदान किया गया और संविधान की 'उद्देशिका' का सामूहिक वाचन किया। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला में बच्चों ने डॉ.अंबेडकर के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण को रंगों से उकेरा, वहीं निबंध में 'आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अंबेडकर का योगदान' विषय पर विचार व्यक्त किए। चित्रकला प्रतियोगिता में कविता ढाकरे प्रथम, दीपिका धुर्वे द्वितीय व विशाखा थोडेकर तृतीय, निबंध में करीना दवंडे प्रथम, आरती नागले द्वितीय व पायल महवरे तृतीय रही।

## अंबेडकर जयंती पर जन्मी बेटियों को बांटे चांदी के लॉकेट

**बैतूल। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ताप्ती आनंद क्लब और शिक्षकों ने मिलकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**ताप्ती आनंद क्लब, शिक्षकों ने आयोजित किया कार्यक्रम**

**चांदी के लॉकेट और बाबा साहेब के भीम लॉकेट वितरित**



इसमें अंबेडकर जयंती के दिन जन्मी नवजात बेटियों को चांदी के लॉकेट और बाबा साहेब के भीम लॉकेट भेंट किए गए। इस पहल का उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के बीच होने वाले भेदभाव को खत्म करना और समानता का संदेश देना था। आयोजकों ने कहा कि अभी भी कई जगह बेटे के जन्म पर खुशी और बेटी के जन्म पर निराशा देखी जाती है, जिसे बदलने की जरूरत है। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन नवजात बेटियों को सम्मानित किया गया। उनकी माताओं को भी गौरव सम्मान दिया गया। बेटियों का पूजन कर उन्हें चांदी के लॉकेट और बाबा साहेब के प्रतीक लॉकेट पहनाए गए। इस दौरान महिलाओं को ड्रायफ्रूट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने समाज की पितृसत्तात्मक सोच और कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई थी और महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने यह भी बताया कि बाबासाहेब ने महिलाओं को शिक्षा और अपने अधिकारों के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कई शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस पहल के जरिए बेटियों के सम्मान और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया और समाज में समानता की सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## मजदूर का शव घर में फंदे पर मिला, जांच जारी

**बैतूल।** सोनाघाटी चौकी क्षेत्र के ग्राम कढ़ाई में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक की पहचान अशोक पिता किशोरी लाल बरकड़े के रूप में हुई है। यह घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच अशोक की पत्नी खाना बनाने के बाद उन्हें खाने के लिए बुलाने कमरे में गईं। वहां उन्होंने देखा कि अशोक वेंटिलेशन में रस्सी बांधकर फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। यह दृश्य देखकर पत्नी घबरा गईं और उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों तथा परिजनों को सूचना दी। कुछ ही देर में ग्रामीण और परिवार के सदस्य मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही सोनाघाटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, अशोक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।



## शादी का प्रलोभन देकर दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शादी का प्रलोभन देकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली में एक महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी फेसबुक के माध्यम से नोएडा निवासी सुनील राजपूत (उम्र 25 वर्ष) से पहचान हुई थी। परिचय के बाद आरोपी बैतूल आया और सोनी होटल में कमरा लेकर महिला से मिला, जहां उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ 3-4 बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके पश्चात आरोपी के कहने पर महिला बिना परिजनों को बताए नोएडा पहुंची, जहां आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। ठगी और मानसिक आघात से पीड़ित महिला वापस बैतूल आकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना कोतवाली से एक विशेष पुलिस टीम नोएडा रवाना की गई, जिसने आरोपी को गिरफ्तार कर बैतूल लाया। आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक देवकरण डहेरिया, उप निरीक्षक छत्रपाल धुर्वे, उप निरीक्षक चित्रा कुमरे, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, आरक्षक राजेन्द्र धाड़से, आरक्षक दीपेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

## डॉ . भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल 2026 को क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय एम. मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।**

संचालन का दायित्व जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रभावशाली ढंग से निभाया।क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में अधिकारीगण, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिश्रा द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्रनिर्माता को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि संजय एम. मिश्रा ने डॉ. अंबेडकर को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उनका दृष्टिकोण केवल एक वर्ग तक सीमित नहीं था, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता, समानता और प्रगति के लिए समर्पित था। उन्होंने कार्यस्थल पर समानता, अनुशासन और अधिकारों के संरक्षण को बाबासाहेब के सिद्धांतों के अनुरूप अपनाने का आह्वान किया।



## अम्बेडकर जयंती पर श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**बैतूल।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बैतूल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम द्वितीय चरण में ग्राम सेहरा स्थित प्राचीन तपतझिरा बावली पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक प्रिया चौधरी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्राचीन बावली स्थल पर देव पूजन एवं वृक्ष पूजन कर स्थानीय ग्रामीणों एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए बावली की साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य किया। कार्यक्रम में जय गुरुदेव उत्थान नवांकुर संस्था सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अमदर, नयागांव, सेहरा एवं अन्य ग्रामों के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। तपतझिरा स्थल ग्राम सेहरा की एक महत्वपूर्ण जल धरोहर है, जो सामाजिक एकता एवं पर्यावरण जागरूकता का केंद्र भी है। यह एक प्राकृतिक जल स्त्रोत (झिरा/झरना) है, जहां वर्षभर जल का सतत रिसाव होता रहता है।

## बैलगाड़ी पर सवार होकर गांव पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**बैतूल।** जिले में गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी और बैतूल विधानसभा क्षेत्रों के देवगांव, खाटापानी, चिरापाटला और मंडई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों से मुलाकात की। दौरे के दौरान सबसे खास दृश्य ग्राम चिरापाटला में देखने को मिला, जहां हेमंत खंडेलवाल बैलगाड़ी पर सवार होकर गांव पहुंचे। उन्होंने स्वयं बैलों को हांकते हुए ग्रामीण परिवेश से जुड़ाव का संदेश दिया। उनके इस पारंपरिक अंदाज को देखकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों से सहजता के साथ बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए भरोसा दिलाया। लोगों ने भी अपनी जरूरतों और स्थानीय समस्याओं को उनके सामने रखा। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। भीमपुर में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## स्कूटी सवार युवती को टक्कर मारने वाला ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**बैतूल। शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-46 पर 12 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।**

इस हादसे में मुलताई से अपनी शादी के कार्ड बांटकर स्कूटी से लौट रही गुरगुंदा निवासी हीरा उईके की मौत हो गई थी, जिसके बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर निशाना निवासी आरोपी दिनेश बटके को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नीले-सफेद रंग का ट्रैक्टर और लाल ट्रॉली जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, गुरगुंदा निवासी हीरा उईके 12 अप्रैल को मुलताई से अपनी शादी के कार्ड बांटकर स्कूटी से वापस लौट रही थीं। उनकी शादी 12 मई को होनी तय थी। इसी दौरान शाहपुर बायपास पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस टीम ने इस ब्लाइंड केस को सुलझाने के लिए हाईवे के आसपास लगे लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर की पहचान संभव हो सकी। जांच में पता चला कि यह ट्रैक्टर निशाना निवासी दिनेश बटके का है। पहचान सुनिश्चित होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश बटके को गिरफ्तार कर लिया है और दुर्घटना में प्रयुक्त नीले-सफेद रंग के ट्रैक्टर व उसकी लाल ट्रॉली को भी जब्त कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। वहीं, पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे वाहन सावधानी से चलाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि दुर्घटना के बाद मौके से भागना एक गंभीर अपराध है।




**कार्यक्रम** बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर जेएच कॉलेज बैतूल में कार्यक्रम आयोजित

## बाबा साहेब के विचारों से प्रेरित होकर देश निरंतर प्रगति कर रहा है : विधायक

**बैतूल।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जे.एच. कॉलेज बैतूल के सभागार में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष सारणी किशोर वर्दे सहित हंसराज धुर्वे, अनिल कापसे, सुरेश गायकवाड, डॉ महेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत नागले, श्री टेकाम, दशरथ धुर्वे, कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक पांडे तथा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबासाहेब के विचारों, उनके योगदान एवं सामाजिक समरसता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की छात्रा लक्ष्मी प्रधान ने डॉ. अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. योगेश पंडाग्रे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब का योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने श्रमिकों के कार्य समय को 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने, न्यूनतम मजदूरी, महिलाओं को शिक्षा एवं मतदान का अधिकार, तथा सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने औद्योगिक विकास, बैंकिंग प्रणाली और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आधुनिक भारत की नींव रखीं। उन्होंने बाबासाहेब से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और कोलंबिया जैसे संस्थान में अध्ययन कर यह सिद्ध किया कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। उन्होंने विश्व के सबसे अच्छे संविधान का निर्माण किया जिसके बल आज हम सभी सामाजिक समरसता, समानता, बंधुत्व और एकता की भावना से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी से बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार ने बाबासाहेब के संविधान निर्माण और सामाजिक समरसता में योगदान को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संदेश दिया।



## फायर सेवा के लिए वैकल्पिक नंबर जारी

बैतूल। नपा बैतूल ने अग्नि संबंधी दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक संपर्क नंबर जारी किए हैं। मुख्य नपा अधिकारी नवनीत पांडेय के अनुसार, फायर वाहन उपलब्ध कराने हेतु सामान्यत: 101 तथा पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल के मोबाइल नंबर 7049101017 पर संपर्क किया जाता है, लेकिन इन नंबरों पर संपर्क न होने की स्थिति में नागरिक सीधे संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म .प्र .)

क्रमांक/सा.प्र.शा./ई./1335 बैतूल दिनांक 08/04/2026

**//ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना//**

**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/सामग्री हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _497866_1 | PROVIDING AND FIXING OF PRINTED FLEX FOR HORDING AND BENNER IN MUNICIPAL COUNCIL BETUL | 1- 2026-27<br>2- 1500000/- | 1-2000/-<br>2-11300/- | 11/05/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैतूल**